अभ्यास : प्रश्न तथा उनके उत्तर

1. अगर आपको कैमरा दे दिया जाए तो आप इसका कैसे प्रयोग करेंगे ?

उत्तर—अगर मुझे कैमरा दिया जाए तो मैं उसमें अपने आस-पास की घटनाओं को कैद करना चाहूँगी। हमारे आस-पास क्या अच्छा क्या बुरा, क्या सही या क्या गलत हो रहा है इसे कैद कर सकते हैं और दूसरों को दिखा सकते हैं। हम अपनी आस-पास की खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य को कैद कर सकते हैं। इसे दूसरों को दिखाने से उन्हें हमारे आस-पास के क्षेत्रों की जानकारी मिलेगी। लोगों का ध्यान उस ओर आकर्षित होगा। लोगों को इन्हें दिखाने से लोगों का ध्यान उस ओर आकर्षित होगा। लोगों को इन्हें दिखाने से लोगों का ध्यान हमारे क्षेत्र की ओर जाएगा। अगर मेरे पास कैमरा होता और मैं कहीं घूमने जाऊँ तो वहाँ के दृश्यों को कैमरे में कैद करके लाऊँगी और अपने आस-पास को दिखाऊँगी, जिससे उन लोगों को भी उस जगह की जानकारी मिलेगी, वे लोग भी उस जगह को जान पाएँगे।

2. आपके विद्यालय में होने वाले किसी कार्यक्रम पर एक खबर तैयार करें।

उत्तर—छात्र इसे स्वयं करें।

3. आपके विचार से संचार का कौन-सा माध्यम ज्यादा लोकप्रिय है? कारण सहित बताएँ।

उत्तर—मेरे हिसाब से संचार के सभी माध्यमों में टी.वी. सबसे लोकप्रिय है। क्योंकि टी.वी. पर हम खबरों को सुनने के साथ ही देख सकते हैं। टी.वी. पर कभी-कभी घटना स्थल से सीधे ही खबरों को प्रसारित किया जाता है। जिससे हम घटना स्थल के दृश्य को देख सकते हैं। वहाँ के लोगों के बातचीत को सुन सकते हैं। वहाँ पर लोगों को किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है, उसे देख सकते हैं और सुन भी सकते हैं। टी.वी. पर बहुत सारे चैनल होने के कारण हमें हर तरह के खबरे देखने के साथ सुनने को भी मिलती है। टी.वी. हमें देश-विदेश के खबरें के साथ ही क्षेत्रिय खबरें भी विस्तारपूर्वक देखने को मिलती है। टी.वी. मनोरंजन का भी बहुत अच्छा साधन है।

4. किसी बड़ी घटना की जानकारी आपको किन-किन माध्यमों से हुई। चर्चा करें।

उत्तर—गुजरात में आए भूकंप की जानकारी मुझे अखबार, रेडियो और टी.वी. से प्राप्त हुई थी। हमारे कुछ रिश्तेदारों ने फोन से भी हमें इस घटना की जानकारी दी थी। फिर टी.वी. पर गुजरात से सीधा प्रसारण दिखाया जा रहा था। रेडियो पर भी खबरें सुनने को मिल रही थी। पर टी.वी. पर वहाँ का सीधा दृश्य दिखाया जा रहा था। किस तरह बड़े-बड़े बिल्डिंग भूकंप की वजह से मलबे में बदल गए थे। चारो ओर लोगों की चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही थी। सभी अपनी जान बचाने की कोशिश से लगे हुए थे। सेना के जवान मलबे में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश कर

रहे थे। साथ ही आम नागरिक भी उनकी मदद को तैयार थे। अखबार और रेडियो से हमें खबर पढ़ने को और सुनने को मिली पर टी.वी. पर वहाँ की स्थिति को सीधे-सीधे देखने पर उन लोगों के तकलीफ को महसूस करने पर मेरे रोंगटे खड़े हो गये।

5. सूचना के आधुनिक संचार माध्यमों से क्या फर्क पड़ा ?

उत्तर—सूचना के आधुनिक संचार माध्यमों का हमारे जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। जैसे—पहले अगर हमें कोई खबर लोगों तक पहुँचानी होती थी, तो लोग कबूतर उड़ाकर, डुगडुगी बजाकर या फिर ढोलक पीटकर खबरें पहुँचाई जाती थी। पर आज संचार माध्यमों की वजह से ये लाखों लोगों तक आसानी से पहुँच जाती है। आज अखबार, टी.वी., रेडियो आदि से किसी भी खबर को लाखों लोगों तक पहुँचाना भी बहुत आसान होता है। मोबाइल की वजह से लोग देश-विदेश में रहने वाले लोगों से भी आसानी से बात कर लेते हैं। पहले के जमाने में लोग खबरों को सिर्फ सुन पाते थे, पर आज के समय में वे खबरों को पढ़ सकते हैं, सुन सकते हैं और साथ ही देख भी सकते हैं और कभी-कभी तो घटना स्थल से सीधे प्रसारित होने वाले खबरों में वे उस जगह की स्थिति भी देख सकते हैं, जहाँ कोई घटना घटी हो। मोबाइल फोन की वजह से लोग जब चाहें, जहाँ चाहे आसानी से बात कर सकते हैं। उन्हें किसी बात की जानकारी दे सकते हैं। इंटरनेट भी संचार-माध्यम का बहुत अच्छा रूप है और इसका प्रचलन आपके समय में बहुत तेजी से बढ़ रहा।

6. किसी दो प्रमुख समाचार पत्रों के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये शीर्षकों की खबर का विवरण तैयार करें और देखें कि उनकी खबरों में क्या समानता और भिन्नता है ?

उत्तर—छात्र स्वयं करें।